9. बुलबुल

क्या तुमने कभी बुलबुल देखी है? बुलबुल को पहचानने का एक सरल तरीका है। यदि तुम्हें कोई चिड़िया तेज़ आवाज़ में बोलती हुई मिले तो उसकी पूँछ को देखो। यदि पूँछ के नीचे वाली जगह लाल हो तो समझो, वह चिड़िया बुलबुल है।

जब वह उड़े तो पूँछ का सिरा भी ध्यान से देखना। बुलबुल की पूँछ के सिरे का रंग सफ़ेद होता है। उसका बाकी शरीर भूरा और सिर का रंग काला होता है।

बुलबुल ऊँची आवाज़ में बोलती है। बुलबुल को हम लोगों से कोई डर नहीं लगता। तुम्हें शायद एक बुलबुल ऐसी भी मिले जिसके सिर पर काले रंग की कलगी हो। उसे सिपाही बुलबुल कहते हैं।

© NCERT not to be republished

बुलबुल पीपल या बरगद के पेड़ पर कीड़े ढूँढ़कर खाती है। वह हमारी तरह सब्ज़ी और फल भी खाती है। अमरूद के बगीचे या मटर के खेत पर बुलबुल काफ़ी ज़ोर से हमला करती है।

वह अपना घोंसला सूखी हुई घास और छोटे पौधों की पतली जड़ों से बुनती है। घोंसला अंदर से एक सुंदर कटोरे जैसा दिखता है।

बुलबुल एक बार में दो या तीन अंडे देती है। उसके अंडे हल्के गुलाबी रंग के होते हैं। तुम उन्हें ध्यान से देखो तो तुम्हें उन पर कुछ लाल, कुछ भूरी और कुछ बैंगनी बिंदियाँ दिखाई देंगी।

© NCERT not to be republished

पहचानो

इनमें से बुलबुल कौन है? उसके चित्र के ऊपर गोला लगाओ।

तुमने बुलबुल को कैसे पहचाना?

मैंने बुलबुल को पहचाना ....

....

....

सिपाही बुलबुल

- सिपाही बुलबुल के सिर पर काले रंग की कलगी होती है। ऐसे कुछ और पक्षियों के नाम सोचो जिनके सिर पर कलगी होती है। बताओ उनकी कलगी का रंग क्या होता है?

पक्षी	**कलगी का रंग**
....	....
....	....



© NCERT not to be republished



- कलगी वाली बुलबुल को सिपाही बुलबुल क्यों कहते होंगे?
- पाठ में बुलबुल के बारे में बहुत-सी बातें बताई गई हैं। उनमें से कोई तीन बातें लिखो।

....

....

....

बुलबुल और तुम

- बुलबुल अपना घर घास और जड़ों से बनाती है। तुम्हारा घर किन चीज़ों से बना है? पता करो।
- बुलबुल क्या खाना पसंद करती है? तुम्हें क्या-क्या पसंद है?
- बुलबुल ऊँची आवाज़ में बोलती है।
  तुममें से कौन-कौन ऊँची आवाज़ में बोलता है? कब-कब?

नाम	कब-कब
....	....
....	....
....	....
....	....
....	....

© NCERT not to be republished

हमें पहचानो

- मैं काली हूँ। मीठा गाना गाती हूँ। ....
- मैं हरा हूँ। लाल मेरी चोंच है।
  हरी मिर्च खाता हूँ। ....
- सूप जैसे कान हैं। मोटे-मोटे पाँव हैं।
  लंबे-लंबे दाँत हैं। ....
- सिर पर ताज है। दुम पर पैसा है।
  बादल देखकर नाचता हूँ। ....
- घरों में आता हूँ।
  सारी चीज़ें कुतर जाता हूँ। ....

कविता लिखो

बुलबुल या किसी और पक्षी पर कविता लिखो। तुम अपनी सहेलियों या दोस्तों के साथ मिलकर भी कविता लिख सकते हो।

....

....

....

....

....

© NCERT not to be republished

एक नाम

बुलबुल, तोता, चिड़िया, कबूतर ***पक्षी*** कहलाते हैं।
नीचे लिखी चीज़ों को क्या कहते हैं? लिखो।

	नाम
गोभी, आलू, भिंडी	....
संतरा, केला, सेब	....
गाय, हाथी, कुत्ता	....
मूँग, चना, अरहर	....